# 15.भारतीय त्योहार

## 1. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1.महाभारत में भीष्म पितामह किस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे ?
महाभारत में भीष्म पितामह मकर संक्रांति के दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे।

2.बैसाखी त्योहार कहाँ मनाया जाता है ?
बैसाखी त्योहार पंजाब में मनाया जाता है।

3.केरल में किस त्योहार को नववर्ष का सूचक माना जाता है ?
केरल में 'विशु' त्योहार को नव वर्ष का सूचक माना जाता है।

4.कैरल्स किसे कहते हैं ?
क्रिसमस के अवसर पर गिरजाघर में गाये जाने वाले गीतों को कैरल्स कहते हैं।

5.कैण्डीज़, फल और छोटे तोहफों से किसको सजाया जाता है ?
कैण्डीज़, फल और छोटे तोहफों से क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है।

6.रमजान के दिन मुसलमान बंधु कहाँ जाते हैं ?
रमजान के दिन मुसलमान बंधु मसजिद जाते हैं।

7.रमजान त्योहार किसका प्रतीक है ?
रमज़ान त्योहार भाईचारे की भावना और आपसी बंधुत्व का प्रतीक है।

## II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1.मकर संक्रांति त्योहार कब और कैसे मनाया जाता है?
मकर संक्रांति का त्योहार जनवरी महीने में मनाया जाता है। संक्रांति को फसल की कटाई का त्योहार भी कहा जाता है। इस त्योहार को घर-घर में सुख, संपत्ति के रूप में मनाया जाता है।

2.पंजाबी लोग बैसाखी त्योहार कैसे मनाते हैं ?
पंजाबी लोग बैसाखी त्योहार को नये साल का प्रारंभ मानते हैं। पंजाबी लोग इस दिन परंपरागत वस्त्र पहनते हैं। ताजे गेहूँ की रोटी, देशी घी और गुड़ खाते हैं। उत्सवाग्नि जलाकर भांगड़ा और गिद्धा नृत्य करते हैं।

3.कनि किसे कहते हैं?
अक्षत, नये वस्त्र, ताम्बुल पत्र, सुपारी, दर्पण, फूल, सिक्का आदि समृद्धि के सूचक पदार्थों को कांस के बर्तन में रखा जाता है, जिसे कर्नी कहते हैं।

4.क्रिसमस पेड़ को सजाने की परंपरा कैसे आई ?
एक बार महारानी विक्टोरिया के पति राजकुमार एलबर्ट ने अपने महल, विंडसर कैसल में कैण्डीज, फल और छोटे तोहफों से एक बहुत बड़े क्रिसमस ट्री को सजाया था तब से यह परंपरा चल पड़ी।

5.रोजा कैसे रखा जाता है?
रमजान मुसलमानों का पवित्र त्योहार है। इस अवसर पर मुसलमान तीस दिन का ‘रोजा’ रखते हैं। ‘रोजा’ का मतलब है कि सूर्योदय के पहले और सूर्यास्त के बाद ही खाना खाया जाता है। यही रोजा रखने का तरीका है। ___ 30 दिनों के बाद रमजान त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

**III. नमूने के अनुसार विरुद्ध अर्थवाले शब्द लिखिए :**
जीवन X मरण

1. दिन र रात
2. सुख र दुःख
3. नया X पुराना .
4. पवित्र x अपवित्र
5. विश्वास र अविश्वास
6. सूर्योदय X सूर्यास्त

**IV. उदाहरण के अनुसार वाक्य रचना कीजिए :**
मैं पाठ पढ़ रहा हूँ।

1. शीला नाटक कर रही हैं।
2. रहीम गाना गा रहा है।
3. अध्यापक हिंदी सीखाता है।
4. बछ्ड़ा घास छूसते हैं।
5. पाठशाला का घंटा बज रही है।

**V. उदाहरण के अनुसार अन्य लिंग रूप लिखिए :**
शिक्षक – शिक्षिका

1. अध्यापक – अध्यापिका
2. नायक – नायिका
3. सेवक – सेवकी
4. संपादक – संपादिका
5. बालक – बालिका
6. लेखक – लेखिका

**VI. 'इया' जुड़ने से पुल्लिंग शब्द स्त्रीलिंग शब्द के रूप में बदलते हैं।उदाहरण के अनुसार लिखिए :**
कुत्ता- कुतिया

1. बुड्ढा- बुढिया/बुढिया
2. गुड्डा – गुड्डिया/गुडिया
3. डिब्बा- डिब्बिया/डिबिया

**VII. उदाहरण के अनुसार वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:**
उदाः जिसका होना या करना कठिन हो – दुस्साध्य

1. जिसका आदि न हो – अनादि
2. जिसका वर्णन नहीं होता हो – वर्णनातीत
3. जिसमें संदेह नहीं हो – निःसंदेह
4. जो कभी तृप्त नहीं होता हो – अतृप्त

VIII. आपके स्कूल में जो त्योहार मनाए जाते हैं और वह इस तालिका में हो तो उसके सामने (✓) या (✗) का निशान लगाइए:

| क्र.सं | त्योहार | ✓ या ✗ |
|---|---|---|
| 1. | होली | ✓ |
| 2. | क्रिसमस | ✗ |
| 3. | राखी | ✗ |
| 4. | गणेशोत्सव | ✓ |

IX. अक्षर जाल :

(जगत्, इंतज़ार, मानव, रवि)
ऊपर लिखे शब्दों के लिए पाठ में कुछ समानार्थक शब्दों का प्रयोग किया गया है। उन शब्दों को अक्षरजाल में ढूँढ़कर लिखए

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ती | | | क्षा | |
| | वि | प्र | | ष्य |
| | नु | | सू | |
| श्व | | र्य | | म |

1. जगत् – विश्व
2. इंतज़ार – प्रतीक्षा
3. मानव – मनुष्य
4. रवि- सूर्य

**X. नीचे लिखे शब्दों का अन्य वचन रूप लिखिए :**

1. एक – अनेक
2. स्त्री – स्त्रियाँ
3. रोटी – रोटियाँ
4. व्यवस्था – व्यवस्थाएँ
5. रात – रातें

**XI. नीचे लिखे शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए :**

1. उत्तरयण – उत्तरायण
2. फासल – फसल
3. परिवर – परिवार
4. त्यौहार – त्योहार
5. महाबारत – महाभारत
6. उस्तव – उत्सव

**XII.सही शब्द ढूँढकर लिखिए :**

1. मकर संक्रांति प्रत्येक वर्ष जनवरी महीने में मनाया जाता है।
2. बैसाखी त्योहार पंजाब राज्य में मनाया जाता है।
3. रमज़ान मुसलमानों का पवित्र त्योहार है।

**XIII. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

**१.पंजाबी बैसाखी को नये साल का प्रारंभ मानते हैं ।**

**ಪಂಜಾಬಿನವರು ಬೈಸಾಖಿಯನ್ನು ಹೊಸ ವರ್ಷದ ಪ್ರಾರಂಭವೆಂದು ತಿಳಿಯುತ್ತಾರೆ.**

**२. कनि की व्यवस्था विशु की पूर्व रात ही की जाती है ।**

**ಕನಿಯ ವ್ಯವಸ್ಥೆಯನ್ನು ವಿಶುವಿನ ಹಿಂದಿನ ರಾತ್ರಿಯೇ ಮಾಡಲಾಗುತ್ತದೆ.**

**३.ये सभी त्योहार हर्ष और उल्लास , सुख और आनंद के पर्व हैं ।**

**ಈ ಎಲ್ಲಾ ಹಬ್ಬಗಳು ಹರ್ಷ ಮತ್ತು ಉಲ್ಲಾಸ, ಸುಖ ಮತ್ತು ಆನಂದದ ಉತ್ಸವವಾಗಿದೆ.**

**पूरक वाचन**

गद्यांश पढ़कर उत्तर लिखिए :

सावन की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संदर त्योहार ‘रक्षा-बंधन’ का आगमन होता है। भारत में इस पवित्र त्योहार का विशेष महत्व है। यह वर्षा ऋतु का सूचक बनकर आता है। ‘रक्षा-बन्धन’ अर्थात् रक्षा का बन्धन। इन दो शब्दों में केवल भाई-बहन के पवित्र स्नेह का ही बन्धन नहीं बल्कि दो आत्माओं, दो हृदयों और दो प्राणों की एक दूसरे के प्रति घनिष्ठता की भावना है। ‘रक्षा बन्धन’ देश के कोनेकोने में मनाया जाता है। सारी बहनें इस त्योहार की साल भर प्रतीक्षा करती रहती हैं। वे अपने हाथों से भाइयों को राखी बाँधकर मिठाई खिलाती हैं। इसी आनन्द और हँसी-खुशी के साथ यह त्योहार संपन्न होता है।

1.‘रक्षा-बंधन’ त्योहार को किस अवसर पर मनाया जाता है?
‘रक्षाबंधन’ त्योहार सावन की पूर्णिमा के शुभ समाचार अवसर पर मनाया जाता है ।

2.‘रक्षा-बंधन’ त्योहार के लिए साल भर कौन प्रतीक्षा करती रहती हैं ?
‘रक्षाबंधन’ त्योहार के लिए साल भर सारी बहनें प्रतीक्षा करती रहती है ।

3.‘रक्षा-बंधन’ त्योहार कैसे संपन्न होता है?
सारी बहनों अपने हाथों से भाइयों को राखी बाँधकर मिठाई खिलाती है। इसी आनंद और हँसी-खुशी के साथ त्योहार संपन्न होता है।